aglasem.com

FOR PUNJAB CLASS 12 PREPARATION

PSEB 12th Sample Paper 2027 HINDI (elective)

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
Punjab Class 12	2027	Sample Paper	Hindi

(सत्र : 2026-27)

मॉडल टेस्ट पेपर

कक्षा - 10+2

समय : 3 घंटे **विषय : हिंदी (ऐच्छिक)** **कुल अंक 80**

भाग-क : वस्तुनिष्ठ प्रश्न (अंक: 20)

प्रश्न 1. I निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से सही विकल्प (उत्तर) को चुनिए- 3x1= 3

(i) **'दहीबड़ा' समास (समस्त पद) का सही समास-विग्रह क्या होगा ?**

(क) दही का बड़ा (ख) दही में डूबा हुआ बड़ा (ग) दही के लिए बड़ा (घ) दही खाने के लिए बड़ा

(ii) **'लम्बोदर ' समास (समस्त पद) का सही समास-विग्रह क्या होगा ?**

(क) लम्बा है दर (ख) दरवाज़े से भी लम्बा (ग) लम्बा है जो दर (घ) लम्बा है उदर (पेट) जिसका

(iii) **' धनहीन ' समास (समस्त पद) का सही समास-विग्रह क्या होगा ?**

(क) धन में हीन (ख) धन से हीन (ग) धन के लिए हीन (घ) धन को हीन

II. निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से सही विकल्प (उत्तर) को चुनिए- 2x1= 2

(i) **निम्नलिखित में से रीतिसिद्ध कवि कौन सा है ?**

(क) घनानंद (ख) बिहारी (ग) देव (घ) भूषण

(ii) **निम्नलिखित में से कौन सा छायावादी कवि है ?**

(क) अज्ञेय (ख) जयशंकर प्रसाद (ग) गीता डोगरा (घ) गजानन मुक्तिबोध

III.निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से सही विकल्प (उत्तर) को चुनिए- 2x1= 2

(i) **' Nomination ' का सही हिंदी पर्याय चुनिए-**

(क) बातचीत (ख) नामिती (ग) नामित व्यक्ति (घ) नामांकन

(ii) **' Substandard ' का सही हिंदी पर्याय चुनिए-**

(क) अधिभार (ख) अवमानक (ग) मानक (घ) अधीनस्थ

IV. निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से सही विकल्प (उत्तर) को चुनिए- 2x1= 2

(i) मीराबाई ने 'ब्रजभूमि' कविता में किसके बिना मनुष्य का जीवन निस्सार कहा है ?

(क) माखन के बिना (ख) दूध के बिना (ग) दही के बिना (घ) भजन के बिना

(ii) डॉ. हरिवंशराय बच्चन की कविता 'पौधों की पीढ़ियाँ ' में बरगद का पेड़ किसका प्रतीक है ?

(क) नयी पीढ़ी का (ख) पुरानी पीढ़ी का (ग) भजन का (घ) निद्रा का

V. निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्न में से सही विकल्प (उत्तर) को चुनिए- 1x1=1

' दोहा ' छंद के दूसरे चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं ?

(क) 11 मात्राएँ (ख) 12 मात्राएँ (ग) 13 मात्राएँ (घ) 14 मात्राएँ

प्रश्न 1 (II) अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न (10 × 1 = 10 अंक)

VI. निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से सही विकल्प (उत्तर) को चुनिए- 1x1= 1

(i) <u>हम</u> तुम्हें चंडीगढ़ में मिले थे। इस वाक्य में आए 'हम ' पद का सही पद परिचय लिखिए-

VII.निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दें। 2x1=2

(i) 'Salient' शब्द का हिंदी पर्याय (हिंदी रूप) .....होगा ? उपयुक्त हिंदी पर्याय लिखकर खाली स्थान भरें।

(ii) 'Mourning' शब्द के सही हिंदी पर्याय (हिंदी रूप) के साथ मिलान करें-

Mourning शोक

प्रात:काल

दोपहर

viii. जहाँ रूप, गुण, आकृति,-प्रकृति, वेशभूषा आदि के कारण उपमान का उपमेय में आरोप करके दोनों में अभेद दिखाया जाए, वहाँ----------अलंकार होता है। उपयुक्त अलंकार का नाम लिखकर खाली स्थान भरें। 1x1= 1

IX. निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दें। (6 × 1 = 6)

(i) 'सच्ची वीरता ' निबंध के लेखक----------हैं। उपयुक्त उत्तर लिखकर खाली स्थान भरें।

(ii) गुरु गोबिंद सिंह जी ने सन ..... को वैशाखी के दिन आनंदपुर साहब में खालसा पंथ की स्थापना की थी। उपयुक्त उत्तर लिखकर खाली स्थान भरें।

(iii) 'मधुआ' कहानी में ठाकुर ने शराबी को कहानी सुनाने के लिए कितने रुपये दिए थे ?

(iv) 'उपेक्षिता ' कहानी में लड़की के जन्म की सूचना तार से देने के लिए कहा गया था या पोस्टकार्ड से ? एक शब्द या एक वाक्य में उत्तर लिखें।

(v) 'वापसी ' एकांकी में रायसाहब की साली कौन थी ? सही उत्तर के साथ मिलान करें-

रायसाहब की साली	चन्द्रिका
	सरोजिनी
	भगीरथी

(vi) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में उमा के पिता का नाम क्या था ?

प्रश्न 2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर बहुवैकल्पिक प्रश्नों के सही विकल्प (उत्तर) को चुनिए-

5x1= 5

आली म्हाने लागे वृन्दावन नीको !
घर घर तुलसी ठाकुर पूजा, दरसन गोविंद जी को !
निरमल नीर बहत जमना में, भोजन दूध दही को !
रतन सिंघासन आप बिराजे, मुगट धर्यो तुलसी को !
कुंजन-कुंजन फिरत राधिका, सबद सुनत मुरली को !
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, भजन बिना नर फीको !!

(i) मीरा को क्या अच्छा लगता है ?

(ii) वृन्दावन में घर -घर किसकी पूजा की जाती है ?

(iii) मीरा के अनुसार किसके बिना मनुष्य का जीवन व्यर्थ है ?

(iv) उपर्युक्त पद्यांश में ' नीको ' का क्या अर्थ है ?

(v) उपर्युक्त पद्यांश का केन्द्रीय भाव स्पष्ट करें।

प्रश्न 3. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर बहुवैकल्पिक प्रश्नों के सही विकल्प (उत्तर) को चुनिए-

5x1= 5

ये फसलें काटो.....
पिछले ज़माने में
बीज जो बोये विषमता के
आज वहीं साँपों की खेती उग आई है।
धरती को फिर से संवारो

क्यारी में बीज नये डालो
पसीने के, आँसू के,
प्यार के, हमदर्दी के,
मेड़ें मत बाँधो,
भूमि सबकी,
दर्द सबका है।

(i) कवि के अनुसार आज धरती पर किस प्रकार की खेती उग आई है ?
(ii) 'धरती को फिर से संवारो' से कवि का क्या आशय है ?
(iii) प्रस्तुत पंक्तियों में कवि कैसे समाज की स्थापना करना चाहता है ?
(iv) उपर्युक्त पद्यांश में ' विषमता ' का क्या अर्थ है?
(v) उपर्युक्त पद्यांश का केन्द्रीय भाव स्पष्ट करें।

भाग- ख

प्रश्न-4 निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दें। 3

(i) धर्म और कानून में क्या अंतर है? क्या निराश हुआ जाए? निबंध के आधार पर उत्तर दें।

(ii) जफरनामा के विषय में आप क्या जानते हैं ? 'गुरु गोबिंद सिंह ' निबंध के आधार पर उत्तर दें।

प्रश्न-5 निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दें। 3

(i) लेखक के मित्रों ने लड़की पैदा होने पर कई उद्‌गार प्रकट किए थे। आपको उनमें से कौन से उद्‌गार उचित नहीं लगे ? उपेक्षिता ' कहानी के आधार पर उत्तर दें।

(ii) 'मधुआ' कहानी में शराबी को केवल एक नकारात्मक पात्र मानना उचित है ? उसके व्यवहार और परिस्थितियों के आधार पर अपने विचार तर्क सहित प्रस्तुत करें ।

प्रश्न-6 निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दें। 3

(i) 'वापसी' एकांकी में लेखक ने केवल पारिवारिक समस्या प्रस्तुत की है या कोई सामाजिक सन्देश भी दिया है? मूल्यांकन करें।

(ii) क्या उमा का विवाह संबंध को अस्वीकार करने का निर्णय उचित था ? 'रीढ़ की हड्डी ' एकांकी के आधार पर उत्तर दें।

7. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में दें: 5

(i) 'समय नहीं मिला' निबंध में लेखक ने समय के सदुपयोग के महत्व पर प्रकाश डाला है ? स्पष्ट करें।

(ii) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में यदि आप उमा के स्थान पर होते तो आपका व्यवहार लड़के और उसके पिता के प्रति कैसा होता? विस्तारपूर्वक लिखें।

भाग -ग

प्रश्न-8. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 70-80 शब्दों में दें : 5

(i) **रीतिकाल की किन्हीं दो विशेषताओं (प्रवृत्तियों) का वर्णन करें।**

(ii) **रीतिकाल की सामाजिक परिस्थितियों के बारे में लिखें।**

प्रश्न-9. **निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर** 70-80 **शब्दों में दें** : 5

(i) **आधुनिक काल की आर्थिक परिस्थितियों के बारे में लिखें।**

(ii) **प्रगतिवादी काव्य की किन्हीं दो विशेषताओं (प्रवृत्तियों) का वर्णन करें।**

भाग -घ

प्रश्न-10. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए।

2 + 6 + 2= 10

(i) **सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा** (ii) **बाल-मज़दूरी** (iii) **समय का सदुपयोग** (iv) **महँगाई**

भाग-ङ

प्रश्न-11. निम्नलिखित पंजाबी गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद करें- 4

ਲੋਕ-ਖੇਡਾਂ ਵਿੱਚ ਖਿਡਾਰੀਆਂ ਨੂੰ ਇੱਕਤਰ ਕਰਨ ਦਾ ਢੰਗ ਵੀ ਬਹੁਤ ਦਿਲਖਿੱਚਣਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਕੁਝ ਬੱਚੇ ਕਿਸੇ ਉੱਚੀ ਜਗ੍ਹਾ 'ਤੇ ਖੜ੍ਹੇ ਹੋ ਕੇ ਉੱਚੀ ਸੁਰ ਵਿੱਚ ਲੈ ਮਈ ਬੋਲ ਉਚਾਰਦੇ ਹਨ।

प्रश्न-12. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए: 4

(i) संत कबीर पब्लिक स्कूल, चंडीगढ़ के प्रिंसिपल की ओर से वर्गीकृत विज्ञापन के अन्तर्गत स्कूल बस के लिए 'एक कुशल ड्राइवर चाहिए' का एक प्रारूप तैयार करके लिखिए।

(ii) आपका नाम विजय दीनानाथ चौहान है। आप मकान नम्बर 540, सेक्टर 80, मोहाली में रहते हैं। आपका मोबाइल नम्बर 9395612594 है। आपका सेक्टर-76 मोहाली में 6 मरले का एक प्लाट है। आप इसे बेचना चाहते हैं। 'प्लाट बिकाऊ है' शीर्षक के अन्तर्गत विज्ञापन का प्रारूप तैयार करके लिखिए।

भाग-च

प्रश्न-13. निम्नलिखित में से किसी एक छंद का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए : 1+3=4

(i) **दोहा** (ii) **चौपाई**

प्रश्न-14. निम्नलिखित में से किसी एक अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए : 1+3=4

(i) **अनुप्रास** (ii) **उपमा**

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com